# लखनऊ विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

**लखनऊ–226007**

कुलसचिव कार्यालय

पत्रांक :..........................................

दिनांक :..........................................

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phone/Fax : 0522-2740412


## कार्यालय आदेश

प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–66/(ई–आफिस)/34–सां0विप्र0/2025 दिनांक 09.12.2025 के माध्यम से एक अभियान चलाकर सभी कार्यालयों को भी ई–ऑफिस से आच्छादित करने एवं प्रदेश के समस्त कार्यालयों में प्रत्येक दशा में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई–ऑफिस के माध्यम से किये जाने तथा किसी भी दशा में आफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के शासनादेश सं0–3124/सत्तर–3–2025–1879476 दिनांक 01 जनवरी, 2026 द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को 07 कार्यदिवस में अवगत कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः लखनऊ विश्वविद्यालय में सभी कार्यालय को **ई–ऑफिस से आच्छादित किये जाने की समुचित कार्यवाही हेतु श्रीमती अनुपमा सक्सेना, प्रोग्रामर को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।**

श्रीमती अनुपमा सक्सेना से अपेक्षा की जाती है कि वह शीघ्रातिशीघ्र शासन की अपेक्षा अनुरूप लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त कार्यालयों में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई–ऑफिस के माध्यम से किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को नियमित रूप से अवगत कराएँ।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

**संख्या :** P-315-26    **दिनांक :** 08/01/2026

**प्रतिलिपि :** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, ल0वि0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ल0वि0, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0, लखनऊ।
4. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0, लखनऊ।
5. कुलानुशासक, ल0वि0, लखनऊ।
6. अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष, टैगोर पुस्तकालय, ल0वि0, लखनऊ।
7. अध्यक्ष, को–ऑपरेटिव लेडिंग लाइब्रेरी, ल0वि0, लखनऊ।
8. संकायाध्यक्ष/प्रधानाचार्य, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ल0वि0, लखनऊ।
9. सचिव/अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद, ल0वि0, लखनऊ।
10. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।
11. समस्त उपकुलसचिव, ल0वि0, लखनऊ।
12. प्रभारी, अभिलेख अनुभाग, ल0वि0, लखनऊ।

Bmisla

कुलसचिव